हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025

04 सभी पेट्रोल पंपों पर 31 तक पीयूसी चेकिंग...



07 सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा...





## खबर संक्षेप में

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना में पीड़ितों के लिए राहत योजना 2022 (हिट एंड रन) में 10 प्रकरणों में आवेदकों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कलेक्टर ने 8 प्रकरणों में 2-2 लाख रुपए एवं 2 प्रकरणों में 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जारी आदेशानुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में ग्राम ढ़ाबला केलवा तहसील सुसनेर निवासी दीपक पिता मावाराम मेघवाल की मृत्यु हो जाने पर पिता मेवाराम मेघवाल को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसी तरह ग्राम फैटी निवासी कैलाश पिता हीरालाल की मृत्यु होने पर पत्नी रामकुंवर बाई को, ग्राम गुराड़ी निवासी तोफान सिंह पिता हरि सिंह की मृत्यु होने पर मृतक की माताजी सजन बाई को, ग्राम हरनावदा निवासी काना पिता खुमान की मृत्यु होने पर पत्नी श्रीमती काली बाई को, ग्राम शाहपुर, जिला गुना निवासी जितेन्द्र जाटव की मृत्यु हो जाने पर पिता कन्हैयालाल को, नकलंग नीम चौक थाना रायपुर जिला झालावाड़ निवासी घनश्याम पिता शंकरनाथ की मृत्यु होने पर माता देवबाई को, ग्राम पिपलानेखुर्द निवासी विक्रम लाल पिता सिद्धुलाल की मृत्यु होने पर पत्नि पूजा को, ग्राम लखमन खेड़ी तहसील आगर निवासी तेजसिंह की मृत्यु होने पर पुत्र मांगीलाल तोमर को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसके साथ ही अज्ञात वाहन दुर्घटना में गभीर चोंटे आने पर ग्राम खजूरी चौपड़ा निवासी राहुल पिता रामनारायण और ग्राम सुठेलीखेड़ा निवासी श्यामलाल कमाली पिता नारायणलाल को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### लोक अदालत में छूट का लाभ लेने अपील की

**नलखेड़ा।** 13 दिसम्बर को सुसनेर में लोक अदालत का आयोजन होगा। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत बने प्रकरणों में समस्त घरेलू कृषि 5ङह तक गैर घरेलू व 10 एचपी तक के औद्योगिक प्रकरणों में प्री लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों में 30 प्रतिशत की छूट व लिटिगेशन प्रकरणों में 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उक्त छूट सिर्फ 13 दिसम्बर को लोक अदालत के दिन ही लागू रहेगी। जिसमे नलखेड़ा क्षेत्र के उपभोक्ता भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर को मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस सभी के लिए स्वास्थ्य के बिना कोई सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय नहीं हो सकता 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। हर साल संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिन को मनाने की थीम की घोषणा की जाती है।

### पहल: वाहन चालकों को एसपी ने बुलाकर दी जागरुकता संबंधी जानकारी

# दंड नहीं, जागरुकता पहले- चालकों को सड़क सुरक्षा की दी जीवन रक्षक सीख







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में संचालित यातायात जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न चेकिंग पाइंट्स पर सीट बेल्ट न लगाने, हेलमेट न पहनने, बिना ऑर्थेंटिक नंबर प्लेट वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले चालकों को यातायात पुलिस द्वारा रोका गया। तत्पश्चात सभी को यातायात थाना प्रभारी सूबेदार जगदीश यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया, जहाँ पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने स्वयं सभी चालकों से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों के महत्व एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। उन्होंने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल कानूनी आवश्यकताएं नहीं, बल्कि जीवन रक्षक उपकरण हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिक्रिया क्षमता को कम करता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी चालकों को यह भी बताया कि सही नंबर प्लेट न होने से दुर्घटना या किसी अपराध की स्थिति में वाहन की पहचान में गंभीर बाधा उत्पन्न होती है, जो कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बनती है। अपने उद्बोधन में एसपी विनोद कुमार सिंह ने गोल्डन आवर के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद प्रारंभिक 60 मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि घायल को इस अवधि में उचित चिकित्सा मिल जाए तो उसकी जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि दुर्घटना देखने पर तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दें तथा घायल को शीघ्र अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करें।

इसी संदर्भ में उन्होंने राह-वीर योजना की जानकारी भी दी। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुँचाने वाले किसी भी नागरिक को 25,000 रुपए का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। साथ ही ऐसे मददगार व्यक्ति को किसी भी कानूनी पूछताछ या कार्रवाई से पूर्ण सुरक्षा प्राप्त होती है एसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे दुर्घटना की स्थिति में आगे आने में हिचकिचाएँ नहीं, बल्कि साहस दिखाएँ क्योंकि एक छोटी-सी पहल किसी की जिंदगी बचा सकती है।

महत्वपूर्ण रूप से सोमवार की कार्रवाई में किसी भी चालक पर चालान नहीं बनाए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आज का उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि नागरिकों को समझाइश देना और उनमें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उपस्थित सभी चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के सही उपयोग, गति सीमा का पालन, मोबाइल उपयोग से बचने, तथा वाहन पर वैध नंबर प्लेट रखने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में आगर मालवा पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

### परिवहन विभाग का विशेष वाहन चैकिंग अभियान

**नलखेड़ा।** परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिले में संचालित वाहनों तथा बकाया कर वाले वाहनों के विरुद्ध सतत चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को परिवहन कार्यालय के विशेष जांच दल द्वारा आगर मालवा क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों एवं यात्री वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान एक वाहन पर कर बकाया पाए जाने पर मौके पर ही 1,29,893 रुपए की कर बकाया राशि जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त अन्य छोटे एवं बड़े व्यवसायिक वाहनों तथा स्कूल में पंजीकृत कुल 8 वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 15,500 रुपए की जुर्माना राशि राजस्व के रूप में वसूल की गई। कार्यवाही के दौरान बस एवं वाहन संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने वाहनों का संचालन निर्धारित एवं वैध दस्तावेज पूर्ण होने के बाद ही करें। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नियमों के पालन सुनिश्चित करने यह चैकिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## जिले की 1 लाख 17 हजार लाड़ली बहनों को 17 करोड़ 23 लाख की राशि अंतरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को छतरपुर के राजनगर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन से प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की गई है। इनमें आगर-मालवा जिले की 1 लाख 17 हजार 256 हितग्राही लाड़ली बहनें शामिल हैं। जिले की हितग्राही बहनों को 17 करोड़ 23 लाख 29 हजार 300 रुपए की राशि उनके बैंक खातों में मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के बहनें अपने परिवार के संचालन में भी सहयोग कर रही हैं। बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बहनों को पक्के मकान और उज्जवला गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जिला स्तरीय लाडली बहना कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में जिले के लाडली बहनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मासिक किस्त का अंतरण करने पर लाड़ली बहनाओं द्वारा आभार माना गया।

### शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा की खिलाड़ी का राज्य स्तरीय खो-खो टीम में चयन

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में बीएससी द्वितीय वर्ष कक्षा में अध्ययनरत भाविका राठौड़ का चयन राज्य स्तरीय खो-खो टीम में चयन हुआ। भाविका के चयन होने पर प्राचार्य डॉ जीएल, क्रीड़ा अधिकारी डॉ आशीष साखंला सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी।





# अंडर-18 की डिस्ट्रीक टीम विदिशा के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर गत दिनों अंडर-18 जिला स्तरीय टीम की ट्रायल हुई थी और उसके पश्चात यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को अंडर-18 की 15 खिलाड़ी की टीम कप्तान नवनीत सोनी के नेतृत्व में विदिशा के लिए रवाना की गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने टीम की जीत की कामना की है। गत दिनों एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने अंडर-18 टीम के चयन के लिए समिति का गठन किया था।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में विदिशा में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सोमवार को अंडर-18 की जिला स्तरीय टीम को रवाना किया गया। इस मौके पर टीम का कप्तान नवनीत सोनी को बनाया गया है। उनकी अगुवाई में टीम विदिशा में शानदार प्रदर्शन करेंगी। इससे पहले शहर के बीएसआई मैदान टीम का चयन किया गया था और प्रतिदिन दो ग्रुप में बनाकर अभ्यास मैच कराए गए और इसके अलावा सीनियर खिलाड़ियों ने टीम के चयनीत खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया है। टीम के कोच के रूप में अक्षय दुबाने और मैनेजर मदन कुशवाहा रवाना हुए है। टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### ठंड के तेवर नहीं पड़ रहे नरम, अलाव बना सहारा

# तापमान 1 दिसंबर से अब तक 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगातार दस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर आ रही हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर ने यह भी बताया कि अभी 'मावठे' (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट आ सकती है।



सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। 1 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 2 दिसंबर को 9 डिग्री, 3 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 4 दिसंबर को 9.5 डिग्री, 5 दिसंबर को 7.5 डिग्री, 6 दिसंबर को 5.3 डिग्री, 7 दिसंबर को 5.3 डिग्री और 8 दिसंबर को 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। तब से न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है और अब लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा है।

## खबर संक्षेप

### ससुर ने बहू पर लगाया आरोप, बहू ने भी कराई एफआईआर दर्ज



**देवास।** जिले के टिगरिया गोगा में एक पारिवारिक विवाद सामने आया है। ससुर और बहू ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर की है।70 वर्षीय बाबूलाल पटेल ने पुलिस में शिकायत की कि उनकी बहू ललिता ने सुबह उनके सिर पर हथौड़ी से हमला किया। घायल अवस्था में उन्हें उनके बेटे बंसी पटेल जिला चिकित्सालय ले गए, जहां उनका उपचार किया गया।बहू ललिता ने थाना पहुंचकर अपने ससुर, देवर, देवरानी और पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। ललिता का कहना है कि वह पिछले दो साल से अपने तीन बच्चों के साथ अलग रह रही हैं और कोर्ट में उनके भरण-पोषण भत्ता का मामला चल रहा है।ललिता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने अभी तक उन्हें उनके हिस्से की जमीन और मकान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि सुबह उनके ससुर ने घर के बाहर गाली-गलौज की और झूठा आरोप लगाते हुए दावा किया कि ललिता ने उनके सिर पर हमला किया।

### वॉश ऑन व्हील योजना की हुई शुरुआत

**देवास।** सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत जामगोद, क्षिप्रा एवं जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत अगेरा के स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता किट प्रदान कर ज़िले में वॉश ऑन व्हील योजना की शुरुआत की। योजना के तहत प्रत्येक स्वच्छता मित्र की सेक्टर की 10 से 12 पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत शौचालयों को ऑन डिमांड सेवायें प्रदान करेंगे। इस के लिए प्रत्येक सामुदायिक शौचालयों के लिये 250 रुपए एवं व्यक्तिगत शौचालयों के लिये 50 रुपए की राशि प्रदान की जायेगी। योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई शुरुआत होगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# सभी पेट्रोल पंपों पर 31 तक पीयूसी चेकिंग यूनिट स्थापित अवश्य करें: कलेक्टर सिंह

### कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक, नगरीय निकायों के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिला परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि जिले में संचालित हो रहे कर्मिशियल वाहनों की पीयूसी चेक करने का कार्य तेजी से करें। जिले के सभी वाहनों की शत-प्रतिशत पीयूसी चेक होनी चाहिए, ताकि वाहनों से प्रदूषण न फैल सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों के फिटनेस, परमिट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की चेकिंग सतत जारी रखें तथा कार्रवाई भी करें। उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों पर पॉप्लूशन अंडर कंट्रोल यूनिट (पीयूसी) स्थापित करवाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि देवास शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर 31 दिसंबर तक तथा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 31 जनवरी 2026 तक पीयूसी स्थापित होना चाहिए नहीं तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।सिंह ने कहा कि देवास में प्रदूषण न बढ़े, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्लांटेशन किया जाएं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए आमजन को भी प्रेरित करें तथा पौधारोपण के महत्व के बारे में भी बताएं। ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे रहेंगे तो प्रदूषण नहीं बढ़ेगा। यातायात प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम देवास को निर्देश दिए कि चिंहित सभी लेफ्ट टर्नों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। यह कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने पीड्ब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि सभी चिंहित ब्लैक स्पॉट को हटाने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हों। बैठक में पीओ डूडा को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों के प्रमुख मार्गों एवं अन्य स्थानों से अतिक्रमण शीघ्र हटाएं तथा इसकी सूचना जिला कार्यालय को भी दें। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों पर अस्थाई दुकानें को अन्य जगह स्थानांतरित करें, जिससे की यातायात बाधित न हों। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में उपलब्ध कृषि यंत्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कृषकों को रोटावेटर, स्टॉरीपर, सुपर सीडर, मल्चर सहित अन्य नरवाई प्रबंधन उपकरणों से किसानों को अवगत कराएं तथा उनका लाभ भी बताएं। जिन कृषि यंत्रों पर शासन द्वारा सब्सीडी दी जा रही है, उसके बारे में भी किसानों को अवगत कराएं।कलेक्टर ने सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, सीएम हेल्पलाइन, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर जिला अधिकारियों को टीएल प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

# उप निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय और सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विरूपण किया प्रतिबंधित

### कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी ऋतुराज सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत में रिक्त पदों के लिए उपनिर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2025 की कार्यवाही स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू रूप से सम्पन्न करने और निर्वाचन प्रक्रिया में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण नियम 1994 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किये है। उल्लेखनीय है कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत में रिक्त पदों के लिए उपनिर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2025 की घोषणा की गई है। निर्वाचन की घोषणा होने से जिले के देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द एवं खातेगांव जनपद पंचायत क्षेत्रों की संबंधित ग्राम पंचायतों में जिनमें सरपंच एवं पंच के पद रिक्त हैं, उनमें आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके तहत जिले की विकासखंड देवास, सोनकच्छ, टोंकखुर्द एवं खातेगांव में मतदान संपन्न होगा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी ऋतुराज सिंह ने संपत्ति विरूपण कार्यवाही के लिए अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी को जिला नोडल अधिकारी तथा सम्पूर्ण कार्यवाही संपादन के लिए संबंधित विकासखंड के तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाया है तथा संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी को नियंत्रणकर्ता अधिकारी बनाया है। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम पंचायत (समस्त अपने-अपने क्षेत्र में) को नोडल अधिकारी बनाया है तथा संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (समस्त अपने-अपने क्षेत्र में) को नियंत्रण कर्ता अधिकारी बनाया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी सिंह ने आदेश दिये है कि सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 की धारा 3 में यह प्रावधान है कि किसी स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़यि रंग या किसी अन्य पदार्थों से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित किया जाना अनुमत नहीं है। इन प्रावधानों का उल्लंघन करना दण्डनीय होगा।

जारी आदेशानुसार पंचायत उपनिर्वाचन (उत्तार्द्ध) 2025 के दौरान शासकीय सार्वजनिक संपत्तियों यथा कार्यालय, विद्यालय, भवन, संरचना, दीवार, वृक्ष, बाड़, विद्युत खंभा या अन्य किसी परिनिर्माण पर किसी प्रकार का विरूपण किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके तहत शासकीय सम्पत्तियों पर कोई राजनैतिक दल, अभ्यर्थी या अन्य कोई व्यक्ति किसी प्रकार का इश्तहार, विज्ञापन, झंडे, वैनर या प्रचार सामग्री दीवार लेखन में आदि नहीं करेगा। सम्पत्ति विरूपण निवारण नियम, 1994 के प्रावधानों का सम्यक पालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नानुसार सम्पति विरूपण निवारण दल गठित किये जाते हैं, इन दलों का कर्तव्य होगा कि शासकीय/सार्वजनिक सम्पत्ति पर किसी प्रकार का विरूपण पाये जाने पर उसे तत्काल हटाने की कार्यवाही करेंगे तथा हटाने में हुए व्यय दोषी पाये जाने वाले व्यक्ति से भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूली योग्य होगा। सम्पत्ति विरूपित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने की कार्यवाही की जायेगी।

निजी सम्पत्तियों पर किसी प्रकार की प्रचार सामग्री चिपकाना, दीवार लेखन आदि भी उक्त अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है, यदि कोई अभ्यर्थी या अन्य कोई व्यक्ति किसी निजी सम्पत्ति पर कोई प्रचार सामग्री लगाना चाहता है, तो उसे सम्पत्ति के स्वामी से लिखित अनुमति प्राप्त कर रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में अनुमति पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सम्पत्ति विरूपण निवारण नियम, 1994 के प्रावधानों का सम्यक पालन सुनिश्चित करने के लिए सम्पत्ति विरूपण निवारण दल गठित किये गए हैं।

# हनुमान अष्टमी महापर्व पर ऊँ श्री सद्गुरु खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर फलाहारी खिचड़ी का महाप्रसाद वितरित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हनुमान अष्टमी पर विशेष पूजन पाठ के साथ आध्यात्मिक आयोजन की अनूठी परंपरा देवास के मुक्ति धाम रोड़ पर स्थित श्री रामकृष्ण व्यायामशाला के आध्यात्मिक परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 दिसंबर को हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। आध्यात्मिक परिसर के संयोजक मदनलाल कहार ने बताया कि त्रेता युग में हनुमान जी ने पाताल लोक के अहिरावण का वध करके भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जी को मुक्त कराया था। इसलिए यह दिन विजय दिवस के रूप में युगो युगों से मनाया जा रहा है। शक्ति उपासकों के लिए अष्टमी के दिन की गई पूजा को मनोकामना को सिद्ध करने वाला दिन माना जाता है।खेड़ापति सरकार की कृपा ओर भक्तों की श्रद्धा से देवास में हनुमान अष्टमी के पर्व को मनाने की परम्परा इस परिसर में विराजित हर मनोकामना को पूर्ण करने वाले सदगुरु खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई है। मान्यता के अनुसार यह वो स्थान जहां महान तपस्वी योगी संत श्री शीलानाथजी महाराज ने साधना कर इस स्थान को चैतन्य किया है। यह ईश्वरीय प्रेरणा है कि हम को इस सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पुराणों में हनुमान अष्टमी के वर्णित महत्व के अनुसार ही श्री हनुमान जी की पूजन पाठ की जाती है। इस वर्ष 12 दिसंबर शुक्रवार को रुद्र अवतार की अष्टमी का होना भक्तों के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रातः 5 बजे हनुमानजी का भव्य श्रृंगार काम्या सिंदूर से रक्षित सोनी द्वारा किया जायेगा। प्रात 8 बजे सर्व कार्य सिद्धि हेतु पंचमुखी हनुमान महायज्ञ किया जायेगा। प्रातः 11 बजे छप्पन भोग लगाया जायेगा। प्रातः 11.15 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। प्रात 11.30 बजे महाआरती सम्पन्न होगी इसके पश्चात खिचड़ी का भंडारा प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील नितेश वर्मा, चितवन जोशी, प्रेमनारायण तिवारी, कैलाश चावड़ा, कैलाश श्रीवास्तव, राजेन्द्र राठौर, बाबू, राजेन्द्र परिहार मुन्ना भैया, करण शर्मा, गुड्डु चौरसिया, विजय कहार, उमेश माली, साहिल हरोड़े, सुमित राठौर, निर्मल दवे, राहुल गेहलोद, जे.एस. परमार, आयुष बारोड़, लोकेश पंचोली, रितिक गुर्जर, शेखर कीर, कान्हा, चिराग, प्रियांश आदि ने की है।

# एमपीईबी के जूनियर इंजीनियर से मारपीट के बाद कर्मचारियों ने की सख्त कार्रवाई करने की मांग, 4 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास






जिले के विजयागंज मंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरोद में विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री हरिओम शाह के साथ मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 6 दिसंबर को हुई थी, जिसके विरोध में मंगलवार को जिलेभर के बिजली अधिकारी और कर्मचारियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।कनिष्ठ यंत्री हरिओम शाह 6 दिसंबर को अन्य कर्मचारियों के साथ सिंगावदा क्षेत्र के ग्राम आगरोद में रबी सीजन के अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की जांच और सिंचाई कनेक्शनों की बकाया राशि वसूलने गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इस मामले में विजयागंज मंडी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें खाजू पटेल, सद्दाम पटेल, सोहेल पटेल और शाहरुख पटेल शामिल हैं। ये सभी आगरोद, थाना विजयागंज मंडी के निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।घटना से नाराज विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार को भोपाल रोड स्थित विविकं कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने, उनके मकान तोड़ने और जुलूस निकालने की मांग को लेकर एक आवेदन सौंपा।मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे ने बताया कि देवास जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी इस घटना के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को आगरोद क्षेत्र में चार हमलावरों ने हमारे शासकीय अधिकारी को घर के अंदर बंद कर मारा था, जिससे गर्दन पर चोट आई थी।

# चार किलोमीटर दूर लेने जाना पड़ता है अनाज, वृद्ध महिलाएं पेंशन से वंचित, बीपीएल कार्ड की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर परिषद लोहारदा के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में रह रही वृद्ध महिलाओं को बी.पी.एल. राशन कार्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई महिलाएं दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं, उनके पास न तो कोई स्थायी आय का साधन है और न ही कृषि भूमि उपलब्ध है। वहीं राशन सोसाइटी नही होने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर अनाज लेने जाना पडता है। उक्त समस्या को लेकर कार्यालय नगर परिषद लोहारदा वार्ड क्रं. 9 पार्षद प्रमिला सिरसोर्ट वार्डवासी एवं ग्रामीणों के साथ मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन लेकर पहुंची। आवेदन में सिरसोट ने बताया कि पात्र वृद्ध महिलाओं के नाम बी.पी.एल. सूची में जोड़े जाएं और उन्हें शीघ्र राशन कार्ड जारी किया जाए, ताकि वे शासन की पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित न होने के कारण महिलाओं एवं बच्चों को पोषण एवं अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोहारदा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 (हयड़ी क्षेत्र) में राशन वितरण केंद्र या राशन सोसायटी नहीं होने के कारण स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 1500 की आबादी वाले इन वार्डों के लोगों को लगभग 4 किलोमीटर दूर लोहारदा जाकर राशन लाना पड़ता है। सिरसोट ने बताया कि अधिकांश परिवार गरीब मजदूर वर्ग से हैं। बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को गर्मी और बरसात के मौसम में सिर पर अनाज लादकर लाना पड़ता है। रास्ता कच्चा होने के कारण वर्षा ऋतु में वाहन भी नहीं चल पाते, जिससे लोगों को पैदल ही राशन लाना मजबूरी बन जाता है। साथ ही जिला प्रशासन से मांग की गई है कि हयड़ी क्षेत्र में शीघ्र राशन सोसायटी स्थापित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### सांसद सोलंकी ने सदन में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दे को मुखरता के साथ उठाया

# बच्चों के परीक्षा-तनाव से लेकर त्रिभाषा फार्मूले पर की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकसभा में देवास-शाजापुर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों को मुखरता से उठाया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, शिक्षकों की मानसिक दबाव की स्थिति और नई शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन पर दिए गए उनके सवालों ने सदन का ध्यान आकर्षित किया। जब लोकसभा में सांसद सोलंकी बोल रहे थे, तो उनके सवालों में उन अनगिनत बच्चों का तनाव और शिक्षकों की थकान झलक रही थी, जो हर दिन भविष्य की दौड़ में खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। सांसद सोलंकी ने परीक्षा भय से लेकर त्रिभाषा सूत्र तक, शिक्षा के ऐसे पहलुओं को सामने रखा जिन्हें समाज अक्सर अनदेखा कर देता है।

उन्होंने सदन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि प्रधानमंत्रीजी ने देश में ऐसे बच्चों की चिंता की है, जो परीक्षा को लेकर बड़े तनाव में रहते थे। उन्होंने न केवल नेशनल एजुकेशन 2020 को लागू किया, बल्कि परीक्षा पे चर्चा कर उनके तनाव को दूर करने का काम भी किया। मेरा पहला प्रश्न है कि क्या एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुसार त्रिभाषा सूत्र का उपयोग सरकारी विद्यालय में होने लगा है, विशेष रूप से मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में। उनके प्रश्न के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार ने कहा कि नेशनल एजुकेश पॉलिसी का मूलभूत आधार एक या दो या ज्यादा भाषाओं को सीखना है। इसके द्वारा हमने कई स्टेप पर काम किया है। थ्री लैंग्वेज फार्मूला यानी एक बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करें, उसके बाद कोई एक भारतीय भाषा में पढ़े और उसके साथ-साथ इंग्लिश भी सीखे। सबसे ज्यादा ध्यान मातृभाषा पर दिया है। इसके लिए एनसीआरटी की 22 बुक्स को भारतीय भाषाओं में प्रिंट किया गया है। जो प्राइमर्स है, उन्हें 121 भाषाओं में छापा गया है। इसका उद्देश्य बच्चा अपनी लोकल भाषा है, उसमें पढ़ सके। इसके साथ-साथ पीएम ई विद्या है या दीक्षा प्लेटफार्म है, वहां भी मातृभाषा पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र एनईपी का हिस्सा है, वहां भी थ्री लैंग्वेज फार्मूला लागू है।

#### तनाव को दूर करने किया प्रश्न

सांसद सोलंकी ने दूसरे प्रश्न में न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों के तनाव को दूर करने से संबंधित प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि आजकल विद्यालय में न केवल विद्यार्थी तनाव में है, बल्कि शिक्षक भी तनाव में रहते हैं। आपके पास कोई ऐसी कार्य योजना है, जिसके अंतर्गत सरकारी और प्राइवेट विद्यालय में शिक्षकों व विद्यार्थियों के तनाव को कम करने का कोई प्रावधान किया गया है। इसके उत्तर पर राज्यमंत्री ने कहा कि बच्चे पर से प्रेशर हटाने के लिए इस बार से क्लास 10 की जो एक्जाम आ रही है, उसमें सीबीएसई ने नए प्रावधान लागू किए हैं, साल में दो बार बच्चा एक्जाम दे सकेगा। ऐसा होने से उस पर प्रेशर कम होगा।

दो बार की एक्जाम में जिसमें ज्यादा नंबर आएंगे सीबीएसई उस ज्यादा नंबर को ही मार्क करेगा। इससे बच्चे परीक्षा के प्रेशर से बाहर निकल पाएंगे। उन्होंने कहा कि टीचर और स्टूडेंट के प्रेशर को घटाने के लिए हमने मनोदर्पण व्यवस्था भी शुरू की है।

# विधायक जयवर्धन सिंह का भौंरासा में किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह का भोपाल से देवास जाते समय भौंरासा में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान चाय पर स्थानीय मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर चर्चा हुई।

कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की प्रमुख समस्या एसआईआर को लेकर विधायक जयवर्धन सिंह को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। इस अवसर पर पार्षद दीपेश कानूनगो, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, फजल उस्ताद, फैजान मदनी, सलमान पठान, राजकुमार ठाकुर, राजवीर ठाकुर, इरशाद सदाबहार, अली सदाबहार, फुरकान मदनी, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य घोषित

**ललितपुर।** जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी दी की भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद के सदस्य घोषित हो गये हैं। ₹संगठन चुनाव-पर्व के आधार पर प्रदेश चुनाव अधिकारी आदरणीय डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति के उपरांत जिला चुनाव अधिकारी रामचन्द्र मिश्रा के द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता शशि शेखर पांडेय उर्फ शशिशेखर श्रीवास्तव एवं पार्वती खटीक को प्रांतीय परिषद सदस्य निर्वाचित किया है । प्रदेश नेतृत्व द्वारा शशिशेखर श्रीवास्तव एवं पार्वती खटीक के इस मनोनयन पर भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं बधाईयां दीं।

### क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपए उड़ा दिए

**ललितपुर।** विभिन्न कम्पनियों में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के जरिए हजारों रुपये जबरन काट लिये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी है। एसपी ने मामले को संज्ञान लेते हुये एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिये हैं। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा करीमनगर डेम रोड निवासी भीम कुमार पुत्र माता प्रसाद ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। आरोप है कि 24 जून 2025 को उसके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुये 87 हजार रुपये काट लिये गये, जो कि अलग-अलग हैं, जिनमें 85 हजार रुपये जुमेटो में एवं 2 हजार रुपये मंत्रा में काटे गये है। इसके अलावा 24 जून को ही दूसरे एसबीआई कार्ड से 35 हजार रुपये निकाल लिये गये, वह भी अलग-अलग हैं, जिनमें 17 हजार रुपये पंयू में काटे गये, जिनकी छाया प्रति भी पीड़ित द्वारा एसपी के समक्ष रखी गयी हैं। एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पेट्रोल डलवाने गए युवक से मारपीट, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम कलौथरा निवासी पवन राजा बुन्देला पुत्र रनवीर सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 दिसम्बर की रात करीब 9.20 बजे वह पेट्रोल डलवाने के लिए महेश राय पुत्र आशाराम राय के पेट्रोल पम्प गया था। जहां उसने 500 रुपये दिये तभी महेश राय ने कहा कि उसे रुपये दो, जबकि उसने कहा कि उसने 500 रुपये दिये हैं। आधा लीटर पेट्रोल डालकर बाकी रुपये वापस करो। इसी बात को लेकर उक्त महेश ने अपने भाई दीपक राय व नन्दराम राय के साथ उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

# जन्म लेते ही बच्चा मानवोचित जीवन जीने की गारंटी प्राप्त कर लेता है : प्रो.शर्मा

**विश्व मानवाधिकार दिवस विशेष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि आदमी श्रम करने के लिए नहीं जीता, बल्कि वह सच्चे अर्थों में मनुष्य की भांति जीने के लिए श्रम करता है।

मानव प्रकृति की इस प्रकृति में ही उसकी वह दिव्यता, गरिमा निहित होती है, जो उसे जानवर से पृथक कर देती है, क्योंकि जानवर चेतना रहित होता है। मनुष्य श्रमिक है और प्रकृति उसकी सामग्री। धरती, आसमान, आग, पानी की सहायता से, वह अपने आदर्शों के अनुरूप दुनिया को ढालता रहता है। दूसरे महायुद्ध के बाद हुए विनाशकारी परिणाम से सबक लेकर 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रस्तुत घोषणापत्र लागू किया गया जिसे स्वतंत्र भारत ने एकमत होकर लागू किया। शिक्षा, रोजगार, लोकतंत्र, स्वतंत्र न्यायपालिका गरिमामय जीवन जीने के समस्त मूलअधिकार इसमें सन्निहित हैं। यद्यपि यह सही है कि मनुष्य स्वतंत्र उत्पन्न होता है, परन्तु जन्म लेते ही पर्त दर पर्त बन्धनों से




जकड़ता जाता है। अतः मानवाधिकारों का उपभोग करते हुए वह ऊँचे से ऊँची उड़ान भर सकता है। परन्तु आर्थिक आत्मनिर्भरता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता कोरा भ्रम है।

कानून के समक्ष सभी समान हैं। क्या बेरोजगार, निर्धन न्यायालयों से न्याय और प्राईवेट चिकित्सालयों से अपना उपचार करा सकता है? जिस वर्ग की अंटी की आखिरी कौड़ी मात्र एकजोर के राशन-पानी में रोज खर्च हो रही हो, उसके बच्चे आसानी से 14 साल तक की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं? संसद या विधानमण्डलों में बहुमत होते हुए चुने जा सकते। हाँ जरूर गाँधीजी के रास्ते पर चलकर संगठित सत्याग्रह का विधि-सम्मत मार्ग अपनाकर। जिस प्रकार एक तैलचित्र, तैलकणों का सिर्फ समूह नहीं है बल्कि उससे भी अधिक है, जैसे एक पत्थर की मूर्ति संगमरमर के कणों का मात्र समूह नहीं है। जिस प्रकार एक मनुष्य घटकों तथा रक्त धमनियों का समूह मात्र न होकर उससे भी बहुत कुछ है। अगोचर ब्रह्म को किसने देखा ? पर हाड़-मांस के चलते फिरते गोचर ब्रह्म हमें एक मिनट के लिए भी अकेला छोड़ता। प्रत्येक नवजात शिशु अपार संभावनाएं लेकर धरती पर आता है। इसलिए बड़े जतन से हमें नैसर्गिक मानवाधिकारों के माध्यम से मनुष्य और उसके समूह की गरिमा और महिमा को ठेस नहीं लगने देना चाहिए।

### अवैध खनन पकड़ने पहुंचे वन कर्मियों पर जानलेवा हमला

# सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा ले गए ट्रैक्टर-ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वन क्षेत्र में बजरी व मोरम के चल रहे अवैध खनन को रोकने गयी वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। इस हमले से कुछ वन कर्मी घायल भी हो गये, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन की गयी बजरी व मोरम से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुडा ले गये। दबंगों द्वारा किये गये जानलेवा हमले के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया। हमले के बाद तालबेहट रेन्ज में न्यूनतम वेतन कर्मी करतार सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने 11 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

करतार सिंह ने बताया कि 7 दिसम्बर की शाम करीब 5 बजे वह सुनौरी वन ब्लाक में अपने वन कर्मियों के साथ गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान वन क्षेत्र में एक 333 आइसर ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नम्बर का वन क्षेत्र से बजरी व मोरम भर रहा था। गश्ती टीम को देखकर उक्त लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी बजरी को खाली करके भागने लगे। वन टीम ने भाग रहे लोगों को घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन रेन्ज कार्यालय तालबेहट



ला रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम धमकना निवासी सोहन यादव पुत्र अमर सिंह, पिपरई के मजरा जामुनबाई निवासी लोकेन्द्र सिंह व गजेन्द्र पुत्रगण रूपसिंह, पिपरई निवासी छोटू व प्रमोद पुत्रगण जण्डैल सिंह, ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी छोटू पुत्र पान सिंह, सुरेन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव, कल्यान पुत्र राजाराम यादव, भज्जू उर्फ अजय पुत्र श्रीवन यादव, ग्राम सुनौरी के मजरा खदरी निवासी राजपाल पुत्र मूरत सिंह यादव, जयपाल पुत्र इमरत यादव ने एकराय होकर वन कर्मियों पर हमला बोल दिया और गालियां देते हुये जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली जबरन छुड़ाकर भाग गये। इसमें वन कर्मी करतार सिंह के सिर पर लाठी से मारकर घायल कर दिया।

### सोशल मीडिया के जरिए महिला को फंसाकर लाखों रुपए ठगे

*ललितपुर। सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती किये जाने और खुद को आईपीएस का पुत्र बताते हुये महिला को ब्लैकमेल करते हुये लाखों रुपये हड़प कर लिये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती गजरा पैलेस के पास रहने वाली प्रियंका गुप्ता पत्नी संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र व एक पुत्री भी है। बताया कि सोशल मीडिया पर उसका इन्टाग्राम पर गुप्ताजी के नाम से एकाउण्ट खुला है, जो कि काफी पुराना है। पीड़िता ने बताया कि चार वर्ष पहले एक सोशल यूजर जिसका सही नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत लाई मण्डी निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामबहादुर है ने एक फर्जी आईडी बनाकर खुद को आई.पी.एस. अधिकारी का पुत्र बताया। इस एकाउण्ट के जरिए उसकी पहचान दोस्ती में बदल गयी। आशीष से उसने मिलना-जुलना भी शुरू कर दिया था। कुछ समय बाद आशीष गुप्ता ने उसे अपने जाल में फंसाना शुरू करते हुये शादी का प्रस्ताव रखा और उस पर जोर देने लगा।*

# लायंस क्लब की समाजसेवा के लिए प्रतिबद्धता सराहनीयः डॉ. बबीता सिंह

## राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के सान्निध्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी 2 के तत्वावधान में, जिला गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ के नेतृत्व में आयोजित सेवा दिवस के तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डा.बबीता सिंह चौहान के सान्निध्य में सम्पन्न हुए।

विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन, अर्चना पटेल, पूज्य माताजी सुलोचना सराफ मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने ने महिला सुरक्षा, अधिकार, न्याय-सहायता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक भागीदारी पर अपने प्रेरणादायी विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक उन्नति है, और लायंस क्लब जिस प्रतिबद्धता के साथ सेवा कर रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने वॉटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर की स्थापना स्व. शिखरचंद्र अलया एवं स्व. राखी अलया की पुण्य स्मृति में लायन रवींद्र रोहित अलया परिवार द्वारा कराई गई। कहा कि यह स्थापना छात्रों के स्वास्थ्य, स्वच्छ जल सुविधा और कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान डा. अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, अनिल अंचल, अशोक जैन, राजेन्द्र, ला.सुनीता सराफ, जिनेंद्र जैन, अनीता अंचल, राजेश बड़कुल, रोहित अलया, निधि अलया, विद्यालय प्रबंधक एवं स्टाफ मौजूद रहा। दूसरी ओर एक कार्यक्रम एम्ब्रोशिया सोसाइटी में आयोजित हुआ, जहां मंडल की प्रथम महिला ला. सुनीता सर्राफ ने सभी अतिथियों स्वागत किया। साथ ही महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, न्यायिक सहयोग, मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ, ला.डा.नीलम सराफ, ला.राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पीडीजी ला.सुभाष जायसवाल, उषा जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष डा.अवधेश अग्रवाल, ला.रवींद्र अलया, ला. संजीव ममता स्पोर्ट्स, रीजन ला.कैलाश अग्रवाल, जोन ला.अनिल सोनी, जोन ला.सुरेश निरंजन, जोन ला.शिवचरण सोनी, जोन ला.हरगोविंद डोडवानी, ला.डी.एस.विवेक, ला. राजीव पटवारी, प्रदीप जैन, गिरीश साहू, आजम, डा.आलोक जैन, सक्षम खरा, अदित सराफ, राहुल गुप्ता, हरीश कपूर, बृजमोहन संज्ञा, रोहित शिवाजी, आकर्ष श्रीवास्तव, अंकित जैन, सरदार सतवंत सिंह भोगल, डा.दीपक चौबे, इटीउ राजा, के.पी. बुंदेला, अमित जैन, रेणु जैन, मीना जैन, रिचा, आशा साहू, डा.सुषमा जैन, हरजीत कौर, आशी जैन, डिम्पल जैन आदि मौजूद थे।

## सड़क किनारे पड़ा मिला ढाबा संचालक का शव

**ललितपुर।** जिले के राजघाट कस्बे में मंगलवार सुबह एक ढाबा संचालक का शव सड़क पर पड़ा मिला। उसके पास ही उसकी बाइक भी मिली। परिजनों ने इसे एक दुर्घटना बताया है। मृतक की पहचान राजघाट निवासी 28 वर्षीय रोहित यादव पुत्र संतोष के रूप में हुई है। वह गांव में ही राजघाट-जखौरा मार्ग पर एक तिराहे के पास ढाबा चलाता था। सोमवार रात करीब 10.30 बजे रोहित अपने ढाबे के एक कर्मचारी को उसके घर प्रेम नगर छोडऩे गया था। कर्मचारी को छोडऩे के बाद वह अपने घर वापस आने के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह पुलिसकर्मियों ने प्रेम नगर मोहल्ले में सड़क पर रोहित को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक भी पास में ही पड़ी थी। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि रोहित अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है।

## हदबंदीशुदा जमीन की पत्थर गडडी उखाड़ फेंकने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी जगदीश पुत्र छतुवा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी आराजी संख्या 387 की हदबंदी व पुष्टी हो गयी थी। 17 नवम्बर को उक्त हदबंदी शुदा जमीन की पत्थरगडडी की पुष्टी की गयी थी और चीराबंदी कर दी गयी थी। बताया कि 19 नवम्बर को सुबह करीब 11 बजे गांव के उसके भाई गोविन्ददास, गुलाबबाई, नीरज व नीतेश ने पत्थर गडडी व चीरा उखाड़कर फेंक दिये और उसे रोका तो उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 326 (ई), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज दहेज की खातिर एक और परिवार हुआ बर्बाद, बहू को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी रंजना पत्नी रवि कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2025 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले रवि पुत्र प्रताप से सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसीयत अनुसार नकदी, गृहस्थी का सामान व सोने-चांदी के आभूषण दिये थे। शादी के बाद उसका पति रवि, सास रामसखी, ससुर प्रताप, ननद कृष्णा, प्रीति, कुसुम, मामा ससुर नारायण, राजू, जेठ कमलेश और उनकी पत्नी लक्ष्मी, नन्दोई राजेश, मनीष, गनेश ने विवाह के बाद से दहेज कम मिलने का उलाहना देते हुये प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 7 दिसम्बर को उक्त लोगों ने उसे कमरे में बंद कर दिया, वह काफी चिल्लाती रही, लेकिन उक्त लोगों ने उसकी एक न सुनी और किसी तरह वह मौका पाकर भाई से सम्पर्क किया, जब उसका भाई आया तो उसका पर्स इत्यादि सामान ससुरालियों ने ले लिया, जिसके बाद ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गेमिंग चैट एप पर महिला की फोटो-वीडियो अपलोड करने का आरोप

### महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दर्ज की एफआईआर, जांच पड़ताल की गई शुरू

**ललितपुर।** आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति ने महिला की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीं और अब महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। प्रताडऩा से आजिज आकर महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस ने मुम्बई में रहने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महाराष्ट्र राज्य के मुम्बई में टिंटवाला गनेश मंदिर के पास रहने वाले सूरज कश्यप नाम के युवक ने उसकी फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी है। आरोप है कि सोशल मीडिया ऐप के योयो चैट गेमिंग एप्प पर गन्दी-गन्दी वीडियो अपलोड कर दी हैं। महिला ने सूरज कश्यप का मोबाइल नम्बर पुलिस को देते हुये उसकी सामाजिक छवि खराब होने की बात कही। पुलिस ने महिला की तहरीर पर सूरज कश्यप नाम के युवक के खिलाफ सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 सी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सोशल मीडिया पर बने रहें सतर्क

# छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोसायटी फॉर प्रगति भारत द्वारा, पी.एम.श्री. राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही ऑनलाइन डिजिटल हिंसा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की अध्यापिका श्रीमती ऋतु गुप्त के द्वारा की गई जिसमें उन्होंने डिजिटल हिंसा के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुश्री रुचिका बुंदेला एवं नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन व पी. एम.श्री.राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर की प्रधानाचार्या शिवानी सक्सेना ने बालिकाओं को आज के दौर में हो रहीं विभिन्न हिंसाओं के बारे में जानकारियां दीं जैसे ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध शारीरिक व मानसिक हिंसा इंस्टाग्राम आईडी, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि अकाउंट बनाना और इनके जरिए वह सारे क्राइम्स करना। किसी की पर्सनल आईडी हैकिंग करना, फेक आईडी बनाकर किसी के पर्सनल डिटेल को रखकर उसे ब्लैकमेल करना, किसी के अकाउंट से पैसे चुराना, बच्चियों के साथ छेड़खानी करना, उनका यौन उत्पीड़न करना या फिर ऐसे कार्य के लिए प्रोत्साहित करना जिसमें वह अपने आप को असहज महसूस करें। इसलिए आप लोगों से यही आग्रह है कि अगर ऐसी स्थिति या समस्या का सामना होता है तो आप सबसे पहले अपने परिवार के सदस्यों को बताएं ताकि वह भारत सरकार के द्वारा दिए गए सभी कानून से सोशल मीडिया के अपराधियों को कानून के हवाले कर सके और आत्महत्या करने वाले अपने मासूम बच्चों को बचा सके। जिसके लिए हमारे भारत सरकार ने टोल फ्री नंबर दिए हैं जैसे की 1091 1098 1099 और 1930 जिस पर अपनी सुविधा के अनुसार बात कर सकती हैं यह नंबर आपकी गोपनीयताओं को बनाए रखते हैं एवं जिले में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य ललितपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है और संस्था ने बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का मोर्चा संभाला है उसके लिए हम लोग संस्था का धन्यवाद करते हैं साथ ही समस्त बच्चों से अनुरोध करते हैं कि शिक्षा को बढ़ावा दें और बाल विवाह न करे क्योंकि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। और अगर किसी बच्चे या बच्ची का बाल विवाह होता है तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह करने वाले या करवाने वाले अभियुक्त पर 1 लाख का जुर्माना या 2 साल तक की जेल हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में संचालक महोदया श्रीमती ऋतु गुप्तस ने संस्था सोसायटी फॉर प्रगति भारत का आभार व्यक्त किया और इस तरह के कार्यक्रमों में अपने सहयोग के लिए आश्वासन दिया। संस्था की तरफ से श्रीमती राजकुंवर ने आए हुए अतिथियों व विद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ का आभार करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपना बहुमूल्य समय इन बालिकाओं के लिए दिया उसके लिए संस्था सदैव आभारी रहेगी।

### बैठक को भाजपा उप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश ने किया संबोधित

# भाजपा की एसआईआर समीक्षा बैठक आयोजित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की मतदाता गहन पुनरीक्षण यानि एस आई आर को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मा दीपेश कोरी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम गायन से हुई तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत पं दीनदयाल उपाध्याय और डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए कहा कि हम लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विगत चार नबम्बर से चार दिसम्बर तक लगकर एस आई आर कार्य में सहयोग करने का काम किया और परिणाम स्वरूप आज ललितपुर में शत प्रतिशत एस आई आर का कार्य हो चुका है । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वे आम जन से जनसंपर्क कर उन्हें जानकारी दें कि एक जनवरी दो हजार छब्बीस तक जिन युवाओं की आयू अठारह साल हो रही है हमारे कार्यकर्ता उन के भी फार्म छै भरवाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर काम करने गए हैं उन्हें भी सूचना देकर प्रेरित करे कि वे भी आकर मतदाता फार्म भरें। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मा देवेश कोरी ने कहा कि सन्‍ दो हजार तीन में भी एस आई आर कार्य हुआ था और इसके बाद आज हो रहा है उन्होंने कहा कि पच्चीस साल में लगभग दो पीढ़ियां वदल जाती हैं इसलिए मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य आवश्यक है ।इस समय भारत में मान्यता प्राप्त छै राष्ट्रीय राजनैतिक दल हैं और किसी भी राजनीतिक दल को आगे बढ़ने के लिए प्रत्येक मतदाता के सहयोग की आवश्यकता होती है इसी लिए भारतीय जनता पार्टी एस आई आर पर विशेष ध्यान दें रही है ताकि अधिक से मतदाता बनाये जा सकें। उन्होंने कहा कि एक समय हमारी पार्टी दो सांसदों तक सीमित थी लेकिन फिर भी हम वोट प्रतिशत के मामले में भारत में दूसरे स्थान पर थे ।आगे भी हमने वोटों पर ध्यान दिया और आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आये हैं।चुंकि पच्चीस साल बाद एस आई आर का कार्य हो रहा है इसलिए यह कार्य और कठिन हो जाता है। हमें हार हाल में वोटर वनना है क्योंकि अगर हम वोटर नहीं होंगे तो किसी भी दस्तावेज होने के वाद भी हम वोट नहीं डाल पायेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राजनीति में संभावनाएं सदैव जीवित रहती हैं इसलिए हमें सदैव उत्साह और ऊर्जा से भरा रहना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वराक ओवामा मात्र 57 वर्ष की आयू में अमेरिकी राष्ट्रपति वन कर आज मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करने लगे हैं और डोनाल्ड ट्रम्प ने 67 वर्ष में राजनीति शुरू की और आज दुवारा राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लोकतंत्र के माध्यम से राजनीति कर अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी ले जाने की हामी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लग कर एस आई आर में अधिक से अधिक मतदाताओं के फार्म भरवाने की अपील भी की । इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारे सब कार्यकर्ताओं को लगातार वी एल ओ से सम्पर्क में रहना है और अधिक से अधिक मतदाताओ के फार्म भरवाने है। अन्त में ललितपुर विधानसभा के मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक बंशीधर श्रीवास ने सभी आगुन्तुकों आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व मां देवेश कोरी , ललितपुर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के साथ विभिन्न मतदाता बूथ केन्द्रों पर गए।

### सीएमएचओ के आदेश के विरोध में कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारी

# 22 रोकस कर्मियों को आउटसोर्स में मर्ज कर चार को दे दी नई नियुक्ति

## आरोप -तत्कालीन कलेक्टर ने जिस कर्मचारी को निलंबित किया उसे फिर से रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के तहत विभिन्न पदों पर सालों से काम कर रहे 22 कर्मचारियों को प्रबंधन ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर दिया था। लेकिन, अब उसी अस्पताल प्रबंधन ने पिछले दिनों आदेश जारी कर 4 कर्मचारियों की कंटनजेंसी पर कलेक्टर दर के हिसाब से सेपेरेट नियुक्ति कर दी है।



अस्पताल प्रबंधन के ऐसे दोहरे रवैये से आक्रोषित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज किए गए कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति से हटाते समय कहा गया था कि रोकस को अब शासन द्वारा खत्म किया जा रहा है। ऐसे में आप सभी कर्मचारियों को टैंडर प्रक्रिया उपरान्त निर्धारित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर वहां से आपका मानदेय दिया जाएगा। लेकिन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गत 17 नवंबर को एक आदेश जारी कर चार कर्मचारियों को कंटनजेंसी पर वार्डबॉय के रिक्त पदों के आधार पर कलेक्टर दर पर नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया। ऐसे में रोकस से बाहर किए गए उक्त सभी कर्मचारियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हम सभी को किस नियम से रोकस से हटाया गया और फिर नए चार कर्मचारियों को कैसे नियुक्ति दे दी गई। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं।

### एक कर्मचारी को तत्कालीन कलेक्टर ने किया था निलंबित

कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा जिन 4 कर्मचारियों की वार्डबॉय पद पर नियुक्ति की गई है उनमें से एक कर्मचारी मनोहर दांगी को विभिन्न आरोपों के चलते तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने निलंबित किया था। लेकिन, इसके बावजूद उसी कर्मचारी को सीएमएचओ ने पुनः जिला अस्पताल में नियुक्ति प्रदान कर दी है।

### अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी के आरोप

कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी करने के आरोप लगाए हैं। सभी ने आरोप लगाया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति खत्म करने का हवाला देते हुए हटाया गया और चार कर्मचारियों लखन सिंह, मनोहरलाल दांगी, सुरेश दांगी एवं महेश दांगी को कलेक्टर दर पर नियुक्ति दी गई है। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं। कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि वे इस संबंध में उन्हें न्याय दिलवाएं।

# अवैध रेत, मुरम परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो डंपर जब्त

## हरिभूमि की सकारात्मक पहल पर प्रशासन का असर




**सारंगपुर।** नदी-नालों से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और खुलेआम रेत के परिवहन को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर दिखने लगा है। सोमवार को खबर सामने आते ही खनिज विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में सारंगपुर पहुंचे तो उन्हें अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिट्टी रेत एवं मुरम से भरा हुआ डंपर परिवहन करते पाया जिसे जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया है । वहीं प्रकाशित खबर में क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा नियमों को ताक पर रखकर नदी-नालों से रेत निकालने, ट्रैक्टर-डंपरों के माध्यम से शहर तक पहुंचाने और बिना अनुमति खरीद-फरोख्त किए जाने का खुलासा किया गया था।

खबर में यह भी बताया गया था कि अवैध रेत परिवहन एवं मुरम से जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया जानकारी के अनुसार, सहायक खनिज अधिकारी कार्यालय राजगढ़ के माध्यम से एक डंपर क्रमांक एमपी 39 एच 4038 तथा दूसरा डंपर क्रमांक एमपी 04 जेठ जी 9544 को थाने परिसर में खड़ा कर जप्त किया गया। दोनों ही मामलों में डंपरों की सुरक्षा हेतु चालकों को पाबंद किया गया, जिनकी जिम्मेदारी चालकों पर ही निर्धारित की गई है। संबंधित प्रकरणों में आवश्यक रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया में मुद्दा उठाया तो खनिज प्रशासन सक्रिय हुआ। लोगों का मानना है कि स्थानीय प्रशासन अगर ध्यान देते तो अवैध मुरम मिट्टी रेत आदि के अवैध उत्खनन और परिवहन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई के बजाय अवैध रेत एवं मुरम के पूरे नेटवर्क पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में माफिया दोबारा सिर न उठा सकें। फिलहाल, खबर के असर के रूप में देखा जा रहा है, जिसने प्रशासन को कदम उठाने के लिए मजबूर किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े लूट की वारदातों के आरोपी, माल भी किया बरामद

## लूट का माल खरीदने वाले व्यक्ति को भी किया गिरफ्तार



**राजगढ़।** जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत एक पखवाड़े में हुई लूट और लूट के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। पहला घटना 21 नवंबर को हुई थी जब मांगीलाल तंवर नाम के व्यक्ति के कान से सोने की दो बालियां अज्ञात लोग लूटकर फरार हो गए थे। इसी तरह हालिया 03 दिसंबर को किराना व्यापारी श्यामसुंदर पिता भंवरलाल गुप्ता निवासी पीपलीबाजार के साथ भी 2 अज्ञात बदमाशों ने रुपए का बैग लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध किए एवं सायबर सेल, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी मदद से आरोपियों को धर-दबोचा।

### लुटेरों सहित माल खरीदने वाला भी गिरफ्तार

बंजारे ने बताया कि बुजुर्ग मांगीलाल की सोने की बालियां लूटने वाले मदन तंवर निवासी मोतीपुरा और फूलसिंह तंवर निवासी कुशलपुरा थाना भोजपुर ने यह माल राजेंद्र उर्फ राजू पिता कल्याण सेन को बेच दिया था। इसके साथ ही किराना व्यापारी श्यामसुंदर गुप्ता का रुपयों से भरा बैग भी मदन तंवर ने लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों से माल के खरीदार राजेंद्र उर्फ राजू को भी गिरफ्त में लेते हुए लूट का माल बरामद कर लिया है। इन मामलों की पतारसी में खिलचीपुर एसडीओपी धर्मवीर नागर, टीआई उमाशंकर मुकाती, उनि जीतेंद्र अजनारे सहित थाने एवं सायबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

# भ्याना पंचायत सचिव सस्पेंड, 5 अधिकारियों पर भी जुर्माना

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन में जल संसाधन विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### टीएल बैठक में विभिन्न योजनाओं व कार्यों की हुई समीक्षा

ग्राम पिपलिया कलां, खिलचीपुर के जमुना प्रसाद सेन की शिकायत लंबित रहने पर जल निगम विभाग को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अधिकारी द्वारा विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराने पर सचिव ग्राम पंचायत भ्याना को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला योजना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन में बॉटम 5 रहे पांच विभागों के अधिकारियों पर भी जुर्माना अधिरोपित करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी पर एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### उच्चाधिकारियों के सम्मुख परियोजना प्रशासक ने दिया प्रजेंटेशन

# छत्तीसगढ़ सीएम ने विस्तार से समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ जिले की दशा और दिशा बदलकर लाखों किसानों को पलायन और गरीबी के गर्त से निकालने में मददगार बनी मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई प्रणाली को भारत के अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिवस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव शास्त्री ने अपने राज्य के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मोहनपुरा-कुंडालिया प्रणाली और उसे लाभों को विस्तार से समझा।

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर इस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। उपस्थित अधिकारीगणों को अगवत कराया गया कि समान जल से दौगुने से अधिक क्षेत्र में सिंचाई करने वाली यह भारत की पहली परियोजना है। प्रजेन्टेशन के दौरान मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौर द्वारा भी उक्त सिंचाई प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, वित्त सचिव बसंल, छत्तीसगढ़ के जनसंपर्क आयुक्त उपस्थित रहे जिन्होंने परियोजना के विभिन्न पहलुओं और बिन्दुओं को विस्तार से जाना।

### इस साल लक्ष्य से अधिक क्षेत्र में हो रही है सिंचाई

मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई करवाई जा रही है। मोहनपुरा बांध की नहरों के शुरू होने के पहले राजगढ़ जिले से हर साल करीब 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

# पुलिस ने सरपंच के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जीरापुर।** 5 दिसंबर को फरियादी विक्रम पिता कंवरलाल सौंध्या निवासी शिवपुरी थाना भोजपुर। जीरापुर से अपने गांव जा रहा था। बायपास आगे पिपल्दा रोड पर अज्ञात 4 व्यक्तियों ने उसकी बुलेट मोटरसाइकिल रोककर डण्डों से मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी तथा वाहन में नुकसान किया। मारपीट में उसे गंभीर चोट आई । प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए सक्रिय मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल आरोपियों को चिन्हित कर घेराबंदी करते हुए शीघ्र गिरफ्तार किया। प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी देवराज सिंह पिता हीरासिंह सौंधिया, उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुंडीबे थाना कालीपीठ ,अंकित उर्फ कान्हा पिता रामबाबू गुर्जर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम परसोलिया थाना करनवास , पवन पिता चंदरसिह तंवर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बावडीपुरा , नितेश पिता रामबाबू तंवर, उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम किला अमरगढ़ थाना कालीपीठ ,जितेन्द्र पिता बनेसिंह सौंधिया, उम्र 30 वर्ष निवासी गादियामेर थाना खिलचीपुर से घटना में प्रयुक्त 4 डण्डे , 2 मोटरसाइकिल (जप्त) की। उनि संतोष सिंह, सउनि श्यामलाल धुर्वे, सउनि मधुसूदन, प्रधान आरक्षक श्यामसुन्दर, देवीसिंह दांगी, अनिल नायक, गणेश, आरक्षक रवि,पंकज, सचिन , जुगल भील,सुनील, मनोज, तुलसीराम, सेनिक शिवप्रसाद,विजय सिंह सहित माचलपुर थाना टीम से आरक्षक रविन्द्र, विष्णु जाट, पप्पू दांगी सायबर सेल टीम' उनि जितेन्द्र अजनारे, शशांक यादव, अशोक राहोरिया, हितेश आदि का सहयोग रहा ।

# सारंगपुर नपा पर भवन अनुमति रोकने के आरोप निजी इंजीनियरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** नगर पालिका सारंगपुर द्वारा भवन निर्माण की अनुमति समय-सीमा में जारी नहीं किए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को शहर के निजी नक्शा नवीसों एवं इंजीनियरों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नगर पालिका पर आरोप लगाए।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे निजी इंजीनियरों व आर्किटेक्ट्स ने बताया कि वे नगर पालिका द्वारा अधिकृत हैं तथा नियमानुसार भवन निर्माण के नक्शे तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से उनके द्वारा लगाए गए कई प्रकरण बिना किसी स्पष्ट कारण या आपत्ति के लंबित रखे जा रहे हैं। इंजीनियर संघ के सदस्योंकृशिशिर विजयवर्गीय, आशीष बल्दिया, आलोक मालवीय, अवधेश रावत, कपिल वात्रे, निधि बल्दिया एवं तैय्यब अली सैफी सहित अन्य ने आरोप लगाया कि नगर पालिका भवन अनुमति देने में जानबूझकर देरी कर रही है। इससे न केवल तकनीकी पेशेवर प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोगों के मकान निर्माण कार्य रुक गए हैं, वहीं भवन अनुमति के अभाव में बैंक लोन की प्रक्रिया भी अटकी हुई है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन एवं सीएम पोलिसी के निर्देशानुसार भवन निर्माण अनुमति एक निर्धारित समय-सीमा में दी जानी चाहिए। इसके बावजूद फाइलों को बिना किसी लिखित आपत्ति या कारण बताए रोका जाना नियमों का उल्लंघन है और इससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। इंजीनियरों ने एसडीएम से मांग की कि नगर पालिका में लंबित सभी भवन अनुमति प्रकरणों की शीघ्र जांच कराकर नियमानुसार अनुमति जारी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके। एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन नियमानुसार प्रस्तुत किए गए हैं, तो नगर पालिका को निर्धारित समय-सीमा में निर्णय लेना होगा।

# ग्राम पंचायत सिकंदरी के मीणागांव में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक ने किया



**छापीहेड़ा।** सिकंदरी ग्राम मीणागांव रविवार को 15 लख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन बड़े सार्थक रूप से किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय देवनारायण मंदिर के समक्ष विधायक हजारीलाल दांगी और मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक रामप्रताप दांगी जनपद सदस्य राधेश्याम दांगी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया की उपस्थिति में स्नेह पूर्वक संपन्न हुआ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर ने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सामुदायिक भवन सीसी नाली शमशान में सीसी निर्माण शामिल है कल 15 लाख रुपए की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा और आगे भी कई नए कार्यों को लाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अमित झंझावात राधेश्याम भामी निर्मल कुमार गुप्ता रामगोपाल दांगी गोकुल प्रसाद धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन रविवार को स्थानीय हिंद कन्वेंट स्कूल सूरजपोल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार 'कान्हा बना' ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया तथा नगर में पत्रकार भवन निर्माण का माँग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार महाराजा जितेंद्र सिंह पंवार, शिव वैध, महेश त्रिवेदी, रमेश मालवीय, कमल चैरसिया और माधव सिंह जादोन का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और लोकतंत्र की मजबूती में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है नगर में पत्रकार भवन के लिए भी हर संभव प्रयास करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन प्रणपाल सिंह खींची ने किया, वही आभार कपिल वैध द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सत्येंद्र सिंह राठौड़, अभिषेक गुप्ता तथा पत्रकारों में भगवान सिंह उमठ, रूपेश ठाकुर, विवेक ठाकुर, महेश शर्मा, सुरेश नागर, अनूप साहू, देवप्रकाश वर्मा, नीरज शर्मा, धर्मेंद्र सिंह पंवार, शानू बना, संकल्प मिश्रा, राजू उमठ, कैलाश मेवाड़े, लोकेश साहू, वीरेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र वर्मा, नितिन वर्मा, राहुल शिवहरे, आनंद शर्मा, प्रकाश साहू, कमलेश मेवाड़े, सूरज गुर्जर और सत्यम शर्मा राजू बैरागी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत गादयाकला के किसानों का मामला

### फसल सूखी किसान परेशान, कैसे होगा परिवार का भरण पोषण

# कुंडलिया परियोजना का शुल्क जमा के बावजूद नहीं मिल रहा किसानों को पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा किसानों की भूमि सिंचित करने हेतु जिले में कुंडलिया डेम जल परियोजना एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वन किया गया है,ताकि आसपास क्षेत्र के किसानों की भूमि सिंचित हो सके।

आसपास क्षेत्र के हर एक किसान की भूमि सिंचित करने हेतु डैम परियोजना द्वारा निर्धारित शुल्क भी रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर किसानों से पानी देने के बदले जमा कराया जाता है,ओर किसान अपने खेत में पानी फैर कर फसल कमाता है। इसके विपरित ग्राम गादयाकला के किसानों का एक मामला सामने आया है जिसमें किसानों ने लगभग 1 महीने पहले कुंडा लिया डेम परियोजना से खेतों में फसल में पानी फेरने के लिए प्रति हेक्टेयर शुल्क रसीद कटा दी है, ओर खेत में फसल की बोवनी कर दी है, लेकिन कुंडलिया परियोजना द्वारा लाइन के टूट- पाठ होने से खेतों में अभी तक एक बूंद भी पानी नहीं आया है ऐसे में किसानों की फसल सूख रही है। जब मीडिया ने जायजा लिया तो किसानों प्रभु लाल सोधिया, रूप सिंह वर्मा, रतन सोंधिया, चंदरसिह राव, भगवान सिंह सोंधिया, कंवरलाल वर्मा, बद्री लाल सैनी आदि ने बताया हमारी फसल सूख गयी है कुंडलिया डैम परियोजना से हमें अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिला है, जबकि हम सभी किसानों ने 1 महीने पहले रसीद बनवा ली है। हम किसानों ने इसकी शिकायत विधायक हजारीलाल दांगी, एसडीएम अंकिता जैन,कुंडलिया परियोजना इंजीनियर सुमित मालिक को लगातार 20 दिनों से कर रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी पूरी फसल सुख गई है यदि एक-दो दिन में हमारे खेतों में पानी नहीं आया तो हम बर्बाद हो जाएंगे हमारे बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे। कुंडलिया परियोजना के पानी के भरोसे ही फसल बोई है। हम बार-बार शिकायत कर रहे हैं लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। गादयामैर के किसानों ने बीच में लाइन फोड़ दी है।



### इनका कहना है...

हां गादयामैर के कुछ किसानों ने लाईन फोड़ दी है, रिपेयर करा कर 109 नम्बर बाक्स को चालू कर एक-दो दिन में किसानों को पानी दिया जाएगा

**देवेंद्र विजयवर्गीय,**
प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कुंडलिया परियोजना।

हां, किसानों ने लाईन फोड़ दी है, करायी है रिपेयर कर किसानों को पानी दिया जाएगा।

**सुमित मालिक,** एसडीओ कुंडालिया परियोजना